
खबर संक्षेप

## नगरपालिका शहडोल में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम सम्पन्न



**शहडोल।** जिला मुख्यालय की नगरपालिका में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर मातृभूमि के प्रति निष्ठा, सेवा और समर्पण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमें मातृभूमि के प्रति निष्ठा, सेवा और समर्पण का भाव सिखाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसी गीत ने देशभक्तों में जोश और बलिदान की भावना जगाई थी, जिसे आज भी हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।
इस अवसर पर पार्षद हीरालाल प्रजापति, संजय प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, गिरधर सिंह, तथा नगरपालिका के मोतीलाल सिंह, सत्यकाम मिश्रा, पुनीत त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत के सुरों से परिसर गूंज उठा और देशभक्ति की भावना से वातावरण ओतप्रोत हो गया।

## कलेक्टर ने कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, दिनचर्या और भविष्य की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओं से अध्ययन विषय, कैरियर विकल्प और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर चर्चा करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति का सर्वोत्तम माध्यम है, प्रत्येक छात्रा को आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा और छात्रावास की समग्र व्यवस्थाओं की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास और सुरक्षित वातावरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, प्राचार्य तथा शिक्षण स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूरल सिस्टम्स का सौभाग्य उपहार समारोह सम्पन्न




**शहडोल।** न्यूरल सिस्टम्स आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक सुपर स्टोर बुढ़ार द्वारा ग्राहकों के लिए आयोजित सौभाग्य उपहार (लकी ड्रॉ) समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में ग्राहकों की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार चांदनी को 75 इंच अल्ट्रा एचडी रंगीन दूरदर्शन, द्वितीय पुरस्कार डॉ. मोहित को शीतल यंत्र (एयर कंडीशनर) तथा तृतीय पुरस्कार संजय गुप्ता को आधुनिक मोबाइल प्रदान किया गया। अन्य 25 ग्राहकों को भी उपहार मिले। स्टोर संचालक विवेक पांडे ने ग्राहकों का आभार जताते हुए भविष्य में और भी आकर्षक योजनाएं लाने की घोषणा की।

### आउटसोर्स कर्मचारियों की मिलीभगत से मरीजों का सौदा

# कुशाभाऊ ठाकरे अस्पताल में दलालों का साम्राज्य!







## एंबुलेंस माफिया तक फैला नेटवर्क

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के सबसे बड़े कुशाभाऊ ठाकरे अस्पताल में दलालों और एंबुलेंस माफिया का कब्जा लगातार गहराता जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन की कार्यवाही के बावजूद इनका जाल इतना मजबूत हो चुका है कि वार्डों से लेकर ब्लड बैंक तक मरीजों का सौदा खुलेआम किया जा रहा है। आउटसोर्स के नाम पर नियुक्त कर्मचारी अब इस माफिया तंत्र के सक्रिय सदस्य बन चुके हैं।संभाग का सबसे बड़े कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल, जिसे जिला चिकित्सालय के रूप में जाना जाता है, अब दलाली का अड्डा बन चुका है। यहां दलालों और एंबुलेंस माफिया ने ऐसा नेटवर्क खड़ा कर लिया है कि मरीजों का इलाज अब एक व्यवसाय में तब्दील हो गया है। हर वार्ड, ओपीडी, ब्लड बैंक और यहां तक कि ऑपरेशन थिएटर तक में इन दलालों का प्रभाव गहराई तक पहुंच चुका है। अस्पताल में आउटसोर्स के नाम पर भर्ती किए गए कई कर्मचारी अब इस दलाल गृह का हिस्सा बन चुके हैं। इन्हीं में से एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है कि दीनबंधु, जो अस्पताल में पदस्थ रहते हुए भी मरीजों को निजी अस्पतालों तक पहुंचाने का काम खुलेआम करता है। बताया जा रहा है कि दीनबंधु न केवल मरीजों को बहला-फुसलाकर प्राइवेट अस्पतालों में भेजता है, बल्कि इन सौदों पर कमीशन भी लेता है। सूत्रों के अनुसार, शहडोल में संचालित दर्जनों निजी अस्पतालों ने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज परिसर में अपने-अपने दलालों का जाल बिछा रखा है। ये दलाल पहले मरीजों की स्थिति और आर्थिक क्षमता को भांपते हैं, फिर उन्हें बेहतर इलाज के नाम पर निजी अस्पताल भेज देते हैं। कई मामलों में तो दलाल मरीजों के बैंक बैलेंस तक की जानकारी निकाल लेते हैं और उसी के अनुसार उन्हें लूट की योजना बनाते हैं।

**ऑपरेशन थिएटर से लेकर ब्लड बैंक तक घुसपैठ-** यहां तक कि ब्लड बैंक में भी दीनबंधु और उसके सहयोगियों का गहरा हस्तक्षेप बताया जा रहा है। मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे अतिरिक्त पैसे वसूले जा रहे हैं। वहीं अस्पताल में तैनात कुछ कर्मचारियों की सेटिंग इन दलालों के साथ इतनी मजबूत है कि कोई भी शिकायत दर्ज होने से पहले ही मामले को दबा दिया जाता है।

## एंबुलेंस माफिया का खेल

जिला अस्पताल परिसर में खड़ी निजी एंबुलेंस भी इस गोरखधंधे का हिस्सा हैं। देवांश अस्पताल नामक निजी संस्थान की एंबुलेंसों में अकसर मरीजों को सीधे वहां ले जाते हुए देखा जाता है। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दीनबंधु खुद मरीज को देवांश अस्पताल की एंबुलेंस में बैठाकर ले जाता हुआ नजर आया। सवाल यह है कि सरकारी अस्पताल परिसर में ऐसा कारोबार आखिर कौन सी अनुमति से चल रहा है?

## मरीजों की जिंदगी से खेल

कुछ दिन पहले बुढ़ार विकासखंड के ग्राम सपटा निवासी सुनील कोल 30 वर्ष के मामले ने इस दलाली नेटवर्क की पोल खोल दी। बताया गया कि सुनील कोल को सरकारी अस्पताल से इलाज के नाम पर बहला-फुसलाकर दीनबंधु ने देवांश अस्पताल में भर्ती करा दिया। परिवार को यह बात बाद में पता चली कि यह पूरा सौदा दलालों के माध्यम से हुआ था। यह सिर्फ एक उदाहरण है, ऐसे सैकड़ों मामले रोजाना हो रहे हैं, जिनकी जांच तक नहीं होती।

## प्रशासन की आंखों पर पट्टी

अस्पताल में इस तरह की दलाली की खबरें पहले भी सामने आती रही हैं। समय-समय पर प्रशासन ने कार्यवाही के आदेश भी दिए, लेकिन नतीजा सिफर रहा। दलालों का तंत्र इतना मजबूत है कि हर जांच के बाद कुछ दिनों तक कार्रवाई का दिखावा होता है, फिर सबकुछ पहले जैसा चलने लगता है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन की शिथिलता ने दलालों के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि अब वे खुलेआम मरीजों की दलाली करते हैं। सवाल यह भी उठता है कि सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अब तक इस मामले में निर्णायक कदम क्यों नहीं उठा पाए हैं?

## कलेक्टर और सीएमएचओ से सख्त कार्रवाई की मांग

जनता अब जिला प्रशासन से उम्मीद कर रही है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। क्योंकि जब तक कुशाभाऊ ठाकरे अस्पताल से दलालों और एंबुलेंस माफिया का सफाया नहीं होगा, तब तक यह सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था मरीजों के लिए नहीं, बल्कि मुनाफाखोरों के लिए काम करती रहेगी।

### शहडोल में तहसीलदार पर गंभीर आरोप

# सरकारी भूमि का अवैध नामांतरण, शासन को आर्थिक नुकसान



## अधिवक्ता ने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर तहसील से एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें तहसीलदार पर सरकारी भूमि का नामांतरण निजी व्यक्ति के नाम पर करने और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे हैं। जबलपुर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता थानेश्वर गोले भदौरिया ने इस पूरे मामले में कानूनी नोटिस जारी कर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता थानेश्वर गोले ने 10 नवंबर 2025 को तहसीलदार सोहागपुर को संबोधित एक विस्तृत नोटिस भेजा है। इसमें बताया गया है कि 9 अक्टूबर को उन्होंने तत्कालीन तहसीलदार लवकुश प्रसाद गुप्ता सहित अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों के खिलाफ एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में कहा गया कि ग्राम पचमढ़ी (पटवारी हल्का क्रमांक 42/45) की भूमि, जो शासन के नाम पर दर्ज थी, उसे गलत तरीके से स्वामी नरोत्तम बेजा के नाम पर दर्ज कर दिया गया।

## मिलीभगत कर किया नामांतरण

अधिवक्ता के अनुसार उक्त भूमि सरकारी रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज थी, किंतु तहसील कार्यालय ने कथित रूप से मिलीभगत कर नामांतरण आदेश जारी कर दिया। इस कार्यवाही में न केवल सरकारी नियमों की अनदेखी की गई बल्कि शासन की संपत्ति को हानि भी पहुंचाई गई। थानेश्वर गोले ने अपने नोटिस में कहा है कि शिकायत के बावजूद तहसील कार्यालय ने कोई प्राथमिक जांच नहीं की और न ही रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने इसे विभागीय लापरवाही और भ्रष्टाचार की श्रेणी में बताया। उनके अनुसार, तहसीलदार और संबंधित अधिकारियों ने जानबूझकर दस्तावेजों को दबाने और शिकायत को अनदेखा करने का प्रयास किया है।

## न जांच, न जवाब

अधिवक्ता ने नोटिस में यह भी उल्लेख किया है कि इस पूरे प्रकरण में तत्कालीन तहसीलदार लवकुश प्रसाद गुप्ता ने अपने अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग किया है। उन्होंने अपने पद का इस्तेमाल कर सरकारी भूमि को निजी हितों के लिए उपयोग में लाने की अनुमति दी, जो कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(1)(डी) के तहत दंडनीय अपराध है। नोटिस में यह भी स्पष्ट कहा गया है कि अधिवक्ता द्वारा शिकायत प्रस्तुत करने के बाद भी न तो जांच की गई, न ही कोई जवाब दिया गया। इससे यह साबित होता है कि संबंधित अधिकारियों ने शासन के हितों की रक्षा करने के बजाय शासन की संपत्ति को हड़पने वालों का संरक्षण किया।

## एफआईआर की चेतावनी

थानेश्वर गोले ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिवस के भीतर शिकायत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस पूरे मामले को उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन द्वारा जानबूझकर देरी की गई तो शासन के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शासन को हुआ आर्थिक नुकसान

अधिवक्ता ने अपने नोटिस में यह भी लिखा है कि यह मामला केवल भूमि विवाद नहीं बल्कि लोकसेवा में भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण है। इससे स्पष्ट होता है कि तहसील स्तर पर राजस्व कार्यों में अनियमितता और अधिकारियों की मनमानी किस हद तक बढ़ चुकी है। इस पूरे प्रकरण से न केवल शासन को आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मामले के प्रकाश में आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। अधिवक्ता ने कहा कि यह लड़ाई न्याय और पारदर्शिता की स्थापना के लिए है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि शासन इस पर संज्ञान लेते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगा, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी शासकीय संपत्ति के साथ छल न कर सके। यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो यह शहडोल जिले में अब तक का सबसे बड़ा राजस्व भ्रष्टाचार मामला साबित हो सकता है।

# जयसिंहनगर में सरकारी जमीन पर कब्जा




## 2012 में फर्जी प्रविष्टि, अब झोपड़ी बनाकर कब्जे की कोशिश

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर तहसील के ग्राम कतिरा के खुशवाह गांव में शासकीय भूमि पर कब्जे का बड़ा मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर स्थित पेट्रोल पंप के पास खसरा नंबर 328 की भूमि पर गोविंद प्रसाद गुप्ता द्वारा झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह भूमि सरकारी दर्ज है, फिर भी वर्ष 2012 में तत्कालीन पटवारी राजभान ने रहस्यमय ढंग से कुछ निजी व्यक्तियों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा दिए।

## 2005 के बाद प्रतिबंध, फिर कैसे दर्ज हुए नाम?

सरकारी आदेशों के अनुसार वर्ष 2005 से किसी भी शासकीय भूमि पर निजी नाम दर्ज करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद 2012 में यह प्रविष्टि दर्ज होना गंभीर भ्रष्टाचार और मिलीभगत की बू देता है। सूत्र बताते हैं कि यह काम बिना किसी तहसीलदार या एसडीएम की स्वीकृति के किया गया था। अब बड़ा सवाल यह है कि — पटवारी राजभान ने यह हेराफेरी किसके



दबाव में की?

## पटवारी ने माना भूमि शासकीय है

वर्तमान पटवारी मेला राम सिंह ने स्वीकार किया है कि संबंधित भूमि शासकीय है और कब्जे की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि वे पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि राजस्व अभिलेखों में यह नाम किस तरह दर्ज हुआ। ग्राम पंचायत खुशवाह की सरपंच कलावती कोल ने कहा कि पंचायत ने इसी भू-खंड पर सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो, ताकि ग्रामीणों के उपयोग हेतु यह भूमि सुरक्षित रह सके।

## अतिक्रमण पर सख्त दंड का प्रावधान

राजस्व संहिता की धारा 248(1) के तहत शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्ति को नोटिस देकर बलपूर्वक बेदखल किया जा सकता है। साथ ही निर्माण को ध्वस्त कर सरकारी खर्च की वसूली अतिक्रमणकर्ता से की जा सकती है। यदि जांच में सिद्ध होता है कि पटवारी राजभान ने जानबूझकर फर्जी प्रविष्टि की, तो उन पर आईपीसी की धारा 420, 468, 471 के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी के गंभीर अपराध लग सकते हैं, जिनमें 7 वर्ष तक की सजा और सेवा से बर्खास्तगी संभव है।

## जनता में आक्रोश-प्रशासन पर सवाल

ग्रामवासियों का कहना है कि जब सरकारी अधिकारी ही नियम तोड़ेंगे तो जनता कानून पर भरोसा कैसे करे? ग्रामीणों ने गोविंद गुप्ता के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, जुर्माना व कब्जा हटाने की तत्काल मांग की है। यह मामला अब जयसिंहनगर तहसीलदार और एसडीएम के लिए कसौटी बन गया है। देखना यह है कि प्रशासन शासकीय संपत्ति की प्रतिष्ठा बचाता है या इस घोटाले को फाइलों में दबा देता है।

# खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग सिटी लीग सम्पन्न



## 468 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शहडोल।** खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग सिटी लीग का सफल आयोजन शहडोल के सरस्वती विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह और अखिल भारतीय मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती रीना सिंह मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, डॉ. राकेश त्रिपाठी, बाल संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्य मेघा पवार और विद्यालय अध्यक्ष भारती गुप्ता उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में 468 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से चयनित खिलाड़ी 13 से 14 दिसंबर को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं चयनित खिलाड़ी 28 से 30 दिसंबर तक इंदौर में होने वाली वेस्ट जोन प्रतियोगिता में शहडोल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का संचालन महासचिव आशुतोष दधीच और उनकी टीम ने किया, जिसमें नेशनल रेफरी दिनेश मटके, विजय बरेठिया, जितेंद्र राठौर, सचिन सक्सेना सहित अन्य निर्णायक शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राप्ति सोनी ने किया। इस अवसर पर सबदर वोरा, विष्णु मिश्रा, अजय सोंधिया, दयानंद सोंधिया, कमल कांत सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन में पुष्पराज सिंह और प्रमोद विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

**50 दिन से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का करें प्राथमिकता से निराकरण**



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विराट सभागार में आयोजित बैठक में समयावधि पत्रों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेड न रहे और सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयसीमा में निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों को तुरंत प्राथमिकता में लेकर निपटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल औपचारिक जवाब देने के बजाय व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके। डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की मॉनिटरिंग करें, और एल-1 अधिकारी पोर्टल पर जवाब दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि अधिकारी मैदानी अमले को सक्रिय करें और शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी तय करें। जिन विभागों में शिकायतें कम हैं, वहां के जिला प्रमुख अधिकारियों को शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में केवाईसी अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने जनपद पंचायत बुढ़ार और ब्यौहारी के सीईओ को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी तरह खांड़ और ब्यौहारी नगर पालिका के सीएमओ को भी सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम जयसिंहनगर काजोल सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रगति वर्मा, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मनकि मै अफसाना बेगम आयु 49 साल पति मोहम्मद समीम निवासी वार्ड क्रमांक 12 पुल के पास धनपुरी नंबर 1, थाना व पोकधनपुरी तहसील बुढार, जिला- शहडोल म.प्र. की हूँ। मेरा आधार नंबर- 7445 1854 6011 है। मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि यहकि मै उक्त वर्णित पते की निवासनी हूँ। मेरा नाम अफसाना बेगम है, जिसकी अंग्रेजी मे स्पेलिंग **AFSANA BEGAM** है। जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड क्रमांक-**HCJPB 8455A** एवं जन्मतिथि 01/01/1976 है जो मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड दर्ज है। यहकि मेरा पासपोर्ट बना है जिसका क्रमांक-**K 5918663** है जिसमे मेरे नाम की स्पेलिंग **APHASANA BEGAM** एवं मेरी जन्मतिथि 01/01/1968 जो त्रुटिपूर्ण दर्ज है। इसलिए मैं अपने पास पोर्ट में अपने नमा की स्पेलिंग एवं सही जन्मतिथि में सुधार कराकर सही स्पेलिंग व जन्मतिथि दर्ज कराना चाहती हूँ एवं उक्त सुधार किए जाने का इस्तहार शासकीय गजट में प्रकाशित कराना चाहती हूँ। संपूर्ण जबाबदारी मेरी रहेगी। यहकि इस शपथ पत्र का निष्पादन मैं अपने पासपोर्ट में अपने नाम की स्पेलिंग व जन्मतिथि में सुधार कराकर दर्ज कराने एवं शासकीय गजट में प्रकाशित कराये जाने के समर्थन में निष्पादित की हूँ।

दिनांक-24/9/25 हस्ताक्षर-शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । जो विभाग प्रमुख डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें ।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरक की कमीं नही हो, इस पर समस्त एसडीएम ध्यान दें। नगरीय निकायो के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम 150वाँ स्मरणोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनांक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय उमरिया में राष्ट्रगीत का किया गया गायन



**उमरिया।** वंदे मातरम 150वाँ स्मरणोत्सव के तहत 7 नवंबर से 14 नवंबर तक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर नगरीय निकाय उमरिया में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के नेतृत्व में किया गया । कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह,पार्षदगण, सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने वंदे मातरम का गायन किया।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न



**उमरिया।** म.प्र.शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय के मेजर ध्यान चंद सभागार में आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रथम दिवस चित्रकारी, कविता, कहानी लेखन व विज्ञान मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धनुषधारी सिंह,अमित सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।

प्रतियोगिता में पाली, मानपुर व उमरिया नगर के युवाओं ने भाग लिया। चंदिया महाविद्यालय की डॉ.मनीषा पाण्डेय सहित उनके महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, पाली महाविद्यालय की डॉ मनीषा अग्रवाल भी अपने छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रही। कविता लेखन प्रतियोगिता में रणविजय प्रताप महाविद्यालय से ऋषिराज, वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक दर्दवंशी, पाली समन्वयक रेशमा शर्मा, राष्ट्रीय खिलाड़ी अतुल रजक, दुर्गेश साहू, अनुराग यादव, सौरभ सोंधिया, श्याम शर्मा तथा रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय के खेल अधिकारी जितेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा।





### शिक्षा, संस्कार और समाज उत्थान का दिया संदेश

# सिंधु नवयुवक सेवा मंडल ने किया 322 बच्चों का सम्मान

**शहडोल।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंधु नवयुवक सेवा मंडल शहडोल ने समाज में शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार, 9 नवंबर 2025 को रेलवे सामुदायिक भवन में भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के कुल 322 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, संस्कारों की मजबूती और समाज में उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मंच से इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में नई सोच और नेतृत्व का संचार होता है।

## नर्सरी से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक के छात्रों को सम्मान

कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही सिंध सेवा समिति की ओर से कक्षा 10वीं और 12वीं के 10 टॉपर विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों के उत्साह और अभिभावकों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी।

गरिमामयी उपस्थिति और सजीव मंच संचालन

समारोह के मुख्य अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष रमेश खत्री रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में चंदन पृथ्वानी, सचिन जगवानी, नैंसी जैयसिधानी, अलीशा गिलानी और प्रिया जगवानी मंचासीन हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप लाहोरानी ने की। समाज के सैकड़ों गणमान्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे और समारोह की गरिमा में चार चांद लगाए।

## समाज की एकजुटता की मिसाल

समाज के वरिष्ठजनों में प्रेम जगवानी, दौलत औचानी, डूलाराम मंगलानी, विजय जसवानी, चंदन बहरानी, डॉ. ठारवानी, मेघराज आसूदानी, राकेश पुरुस्वानी, कमल गैलानी, रमेश आसवानी, अशोक लाहोरानी, देवेन्द्र ठारवानी, रिची जगवानी, विवेक माधवानी, मोहन थदानी, मोहनलाल लालवानी, ओमप्रकाश जेठानी, राजकुमार लाहौरानी, नारु जेठानी, महेश फव्यानी, विजय लाहोरानी, अनिल सनपाल, मनोहर मोटवानी, जितेंद्र कुंदनानी, श्रीचंद नारवानी, नंदू मंगलानी, रवि लालवानी, संजय वासवानी, कामेश उतमानी, गौरव जेठानी, अजय मोटवानी, पंकज जेठानी, कार्तिकेय समतानी, चिराग थदानी, सुरज लालवानी, विपूल लालवानी, रोहित बत्रा, अरविंद लाहोरानी, दीपक लालवानी, महेंद्र



मोटवानी (गुड्डू), सुनील माधवानी, महेंद्र माधवनी, रोशन लाहोरानी, मनीष हिंदूजा, विशाल मोटवानी, निखिल मंगलानी, गौरव औचानी, हरीश नवानी, बबलू कटारे, हरीश सिहानी, मोहित वासवानी, अखिल कटारे, योगेश आहूजा, रित्विक जैसवानी, रौशन जैसवानी सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे। मातृशक्ति का उत्साह भी देखने लायक रहा। दीपा मंगलानी, रितु रूपरंग, रश्मि जसवानी, माया बजाज, मंजू वाधवानी, कंचन नारवानी, खुशबू वासवानी, हेमा माधवानी, नीतू माधवानी, प्रियंका जेठानी, सुरक्षा जेठानी, हर्षिता लालवानी सहित अनेक महिलाओं ने कार्यक्रम के संचालन, व्यवस्था और सम्मान समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## मंच संचालन ने बांधे रखा समा

कार्यक्रम की एंकरिंग संजय सोनी, प्राची जेठानी, नेहा आसवानी और बरखा अवतानी ने की। चारों एंकरों की ऊर्जावान शैली और संवाद कौशल ने पूरे कार्यक्रम में जोश और मनोरंजन का माहौल बनाए रखा। बच्चों के मंच पर आते ही दर्शकों की तालियों की गडग़ड़ाहट ने उत्सव को और जीवंत कर दिया।

## अध्यक्ष संजय वासवानी ने व्यक्त किया आभार

सिंधु नवयुवक सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय वासवानी ने कहा कि समाज के बच्चों का यह सम्मान सिर्फ पुरस्कृत करना नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों में संस्कार और शिक्षा के माध्यम से समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करना है। जिस प्रकार हर वर्ष समाजजन बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम को सफल बनाते हैं, वह हमारी सामूहिक एकता और सकारात्मक सोच का परिचायक है। श्री वासवानी ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और समाजसेवियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी उपस्थिति ने इस समारोह की शोभा और गरिमा में निश्चित रूप से चार चांद लगाए हैं।

## शिक्षा और संस्कार का संगम बना समारोह

पूरे कार्यक्रम का वातावरण पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक रहा। मंच से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वे सिर्फ अंक प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि जीवन में अच्छे संस्कार, मेहनत और नैतिकता को अपनाकर समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी अतिथियों और सम्मानित बच्चों के साथ सामूहिक फोटो सेशन हुआ और अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का सफल समापन हुआ। यह आयोजन न केवल सिंधी समाज के लिए गर्व का विषय रहा बल्कि पूरे शहर के लिए भी एक प्रेरणा बना कि जब समाज शिक्षा और संस्कारों के लिए एकजुट होता है, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनता है।



# जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी की उपस्थिति मे जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सडक़ हादसे में आकस्मिक मौत नही हो, इस दिशा में प्रयास किया जाए । उन्होने कहा कि जिले मे छोटी छोटी सडक़े जो मेन रोड से जुडती है ,वहां पर स्पीड पर नियंत्रण करने के लिए गति अवरोधक लगाए जाए । जिले मे ब्लैक स्पाट को चिन्हित कर उन्हें सही किया जाए । सीसीटीव्ही कैमरे चालू स्थिति मे रखे जाएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता , एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज,यातायात प्रभारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**उमरिया।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याया0 मोहन डाबर एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी उमरिया न्याया0 दीपक अग्रवाल के द्वारा जेल का निरीक्षण करते हुये जेल के बैरक में जाकर बंदियों के शौचालय की साफ सफाई, बंदियों के कपडे, बिस्तर, बर्तन, कम्बल एवं स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था का अवलोकन करते हुए जेल में स्थापित आटा चक्की, पाकशाला में प्रातः के समय बन रहे भोजन, दाल, चावल, सब्जी, रोटी का अवलोकन किया गया जो गुणवत्तायुक्त पाया गया।

निरीक्षण के दौरान पुरुष एवं महिला बंदियों से बातचीत करते हुए उनके प्रकरण में नियुक्त अधिवक्ता, आगामी पेशी दिनांक तथा आपराधिक प्रकरण की वर्तमान स्थिति एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग की जानकारी प्राप्त की। बंदियों से उनकी समस्याओ को सुना गया। बंदियों को उनके स्वास्थ्य एवं उपचार तथा स्वास्थ्य शिविर एवं जेल में पदस्थ चिकित्सक एवं मेलनर्स की उपस्थिति एवं दवा वितरण तथा बंदियों के उपचार करने की जानकारी ली गई।

प्रातः कालीन दिनचर्या जेल अधीक्षक डी.के. सारस के द्वारा कराये जा रहे योगा/पी0टी0/ भजन / गीत संगीत की प्रस्तुत्ति का अवलोकन किया गया। इसके उपरांत न्यायाधीश द्वारा विधिक



सहायता शिविर का आयोजन कर बंदियों को विधिक सहायता के प्रावधान के बारे में कमशः न्याया0 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याया0 मोहन डाबर एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी उमरिया न्याया0 श्री दीपक अग्रवाल एवं माननीय न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी गई।

जेल में संचालित पुर्नवास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण हिन्दी कम्प्यूटर टाइपिंग, सिलाई, खिलौना, संगीत प्रशिक्षण, भोजन प्रबंध, नल फिटिंग कार्य एवं बिजली फिटिंग, हेयर कटिंग, कपडा प्रेस, कृषि बागवानी, सब्जी उत्पादन, कुक्कुट / पशु पालन आदि का प्रशिक्षण लेकर जेल में अनुशासन में रहकर लाभान्वित होकर प्रशिक्षण लेने तथा जेल से रिहा होने के उपरांत इसे अपनाने तथा इसे अपने परिवार के भरण पोषण के लिए रूचि एवं परिस्थिति अनुसार जीवन यापन के लिए अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान किया गया। निरीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर में जेलर/उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को तथा प्रातः कालीन में ड्यूटीरत प्रहरी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दमखम

## कई राज्यों के पहलवानों का जमावड़ा

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के जमुना कालरी मेन दुर्गा पंडाल मैदान में आयोजित वार्षिक पारंपरिक दंगल धमाका कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार, 9 नवंबर को हुआ। दो दिनों तक चले इस महा आयोजन में नेपाल, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से आए महिला एवं पुरुष कुल 40 जोड़ी पहलवानों ने अखाड़े में शक्ति, तकनीक और जज्बे का प्रदर्शन किया। अखाड़े में उमड़ी हजारों की भीड़ ने इसे क्षेत्र का ऐतिहासिक आयोजन बना दिया। दंगल की पहली प्रमुख कुश्ती फतेहगढ़ के संतोष पहलवान और गोरखपुर के अशोक पहलवान के बीच हुई, जिसमें दोनों पहलवानों के दमदार दांव-पेंच ने दर्शकों में रोमांच भर दिया और मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## अयोध्या के बाबा जी का रहा जलजला

दंगल के आकर्षण का केंद्र अयोध्या के पहलवान लक्ष्मण दास (बाबा जी) रहे। अखाड़े में उतरते ही



दर्शकों में भारी उत्साह दिखाई दिया। बाबा ने अपने अनुभव, शक्ति और साधना से निखरे कौशल के दम पर राजस्थान के नामी पहलवान को मात दी। जीत के क्षण में जयकारों, तालियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज पूरे मैदान में फैल गई। बाबा ने साबित कर दिया कि असली कुश्ती मिट्टी, परंपरा और तपस्या की पहचान है। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तेजभान सिंह, उपाध्यक्ष वैशाली बद्री ताम्रकार, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात मिश्रा तथा प्रसिद्ध गायक संदीप शिवहरे सहित अनेक अतिथियों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही। नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहाकृ "दंगल हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे हर वर्ष और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा। डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कहा "कुश्ती केवल खेल नहीं, यह अनुशासन, मेहनत और संस्कृति की परंपरा है। सचिन जायसवाल ने कहा "जनता के समर्थन और समिति की एकजुटता से दंगल लगातार सफल हो रहा है। कार्यक्रम का समापन विजयी पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर एवं आगामी वर्ष के आयोजन की घोषणा के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर नवयुवक दुर्गा पूजन समिति के अध्यक्ष के द्वारा प्रभावी एवं अनुशासित मंच संचालन किया गया, जिससे पूरा कार्यक्रम व्यवस्थित और गरिमामय बना रहा। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिन जायसवाल का सार्थक प्रयास महत्वपूर्ण रहा, जिनकी समन्वय भूमिका पूरे आयोजन में सराहनीय रही।

### पुलिस ने 10 मोबाइलों की तलाश कर मालिकों को सौंपा



**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा जिले में गुम हुए मोबाइलों की तलाश कर उनके मालिकों को सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए हैं। कोतमा थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की तलाश करने हेतु टीम बनाई गई थी पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल की मदद से 10 मोबाइलों को तलाश कर सोमवार को संबंधित मोबाइल फोन के मालिकों को सुपर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर आवेदकों ने पुलिस की प्रशंसा करते हुए खुशी जाहिर की है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल प्रधान आरक्षक अरविंद प्रताप सिंह राकेश सिंह,जितेंद्र मंडलोई, महेश साहू, साइबर सेल आरक्षक पंकज मिश्रा शामिल रहे।



### अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन का शुभारंभ

**जमुना/बदरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड जमुना कोतमा क्षेत्र में अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन 2025-26 अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ आज बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के लोकप्रिय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम बंकिम विहार, जमुना कॉलरी स्थित मंच पर दो दिवसीय श्रृंखला के रूप में आयोजित किया जा रहा है पहले दिन विभिन्न मंचों पर भारतीय एवं क्षेत्रीय लोक नृत्य, लोक गीत, कव्वाली, हास्य अभिनय, ओडिसी एवं संगीत प्रस्तुति जैसे आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को देर शाम तक बांधे रखा। महाप्रबंधकत्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसईसीएल न केवल उत्पादन और ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है उन्होंने कलाकारों और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कार्यस्थल वातावरण में सकारात्मकता और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न इकाइयों के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय परंपरा, लोक संस्कृति और आधुनिक कला का सुंदर संगम पेश किया दर्शकों से मंच का हॉल पूरा भरा रहा और तालियों की गड़गड़ाहट रुकने का नाम नहीं ले रही थी। 11 नवंबर को फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एसईसीएल बिलासपुर से मानव संसाधन निदेशक बिरंची दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे उनके करकमलों से विजेता एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही जमुना कोतमा क्षेत्र के कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक समापन प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक विभाग, सीएसआर प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक समिति एवं क्षेत्र के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सामूहिक सांस्कृतिक और सामाजिक एकजुटता को आगे बढ़ाने वाला यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# विधिक सेवा सप्ताह का किया जाएगा आयोजन

**कोतमा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधि सेवा दिवस के उपलक्ष में 9 से 14 नवंबर तक कोतमा तहसील न्यायालय अंतर्गत विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कोतमा न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल के निर्देशन में रविवार को कोतमा न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मैराथन दौड़ न्यायालय परिसर से होते हुए भालूमाड़ा रोड विकास नगर एवं नगर की विभिन्न गलियों मे पहुंची। आयोजन में न्यायालीन अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, खेलप्रेमी, अधिवक्ता, समाजसेवी, मीडिया सहित अन्य लोग शामिल हुए। तहसील न्यायलय में एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता शिविर के दौरान स्कूलों, कॉलेजो, थानो एवं पंचायतों में विभिन विधिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगामी दिनों में स्वास्थ्य जागरूकता, यातायात नियम, साइबर सुरक्षा एवं पास्को एक्ट पर स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। अंतिम दिन 14 नवंबर को बाइक रैली भी निकाली जाएगी। अपर सत्र न्यायाधीश गंगाचरण दुबे ने न्यायोत्सव सेवा सप्ताह के दौरान जागरूकता शिविर में समस्त नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

## सकोला के तालाब निर्माण में अनियमितताओं के आरोप




**जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत सकोला में वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत मनरेगा एवं पंचायत निधि से लगभग 6,25,000 की राशि में तालाब निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था ग्रामीण लाला यादव निवासी सकोला द्वारा इस कार्य में अनियमितताओं संबंधी शिकायत जनपद पंचायत स्तर पर की गई थी, जिसके बाद जांच दल का गठन कर नोटिस जारी किया गया। शिकायतकर्ता लाला यादव का कहना है कि नोटिस जारी हुए एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो स्थल निरीक्षण किया गया और न ही खर्च व मस्टर रोल की वास्तविकता की जाँच की गई, जिससे जांच प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल उठ रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब निर्माण में मशीन से खुदाई होने के बावजूद मस्टर रोल में मजदूरों का भुगतान दर्शाया गया। साथ ही तालाब की गहराई, चौड़ाई और मिट्टी निकासी स्वीकृत मानकों के अनुरूप नहीं है। इस संबंध में पंचायत सचिव और रोजगार सहायक की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए। स्वीकृत राशि एवं किए गए भुगतान का ऑडिट कराया जाए। यदि अनियमितताएं प्रमाणित हों तो जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तरीय विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### दद्दा धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे अभिनेता आशुतोष राणा

**कटनी।** दद्दा धाम में रविवार से आयोजित पांच दिवसी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे। अभिनेता राणा ने सबसे पहले दादा जी की समाधि स्थल पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय ध्यानमग्न रहे। इस दौरान उन्होंने शिष्य मंडल और आयोजन समिति के सदस्यों से भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। उन्होंने महोत्सव की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि “यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महान प्रयास है।

### बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना शुरू

**कटनी।** बिजली बिल के बकायादारों के लिए मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा समाधान योजना 2025-26 शुरू की गई है। इसके अंतर्गत विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है। यह योजना 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहले चरण में 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा रहेगी।

### हल्दी, अश्वगंधा व तुलसी की खेती बनी वरदान

**कटनी।** विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी निवासी देवीसिंह पिता शिवनंदी ने नाबार्ड की नाँनबाड़ी परियोजना से जुड़ कर हल्दी, अश्वगंधा और तुलसी की खेती से 45 हजार रुपए और मुर्गी पालन से 16 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित कर परिवार के लिए अतिरिक्त आमदनी अर्जित की। वर्तमान में देवी सिंह को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। देवी सिंह एक सीमांत किसान हैं, जिनके परिवार में कुल 6 सदस्य हैं। परिवार की आजीविका का मुख्य साधन कृषि एवं पशुपालन है। देवी सिंह के पास कुल 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे रबी सीजन में गेहूं और चना, तथा खरीफ सीजन में धान की खेती करते हैं। इसके अलावा घरेलू उपयोग के लिए वे सब्जियाँ भी लगाते हैं। पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में देवी सिह नाबार्ड की नॉनबाड़ी परियोजना से जुड़े। समिति से जुड़ने के बाद उन्होंने जैविक खेती, कम लागत वाली कृषि तकनीक, मुर्गी पालन एवं औषधीय फसलों की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के पश्चात देवी सिंह ने जैविक कृषि पद्धतियाँ और नई तकनीकों को अपनाया, जिससे खेती की लागत में कमी आई और फसल की गुणवत्ता में सुधार हुआ। परियोजना के अंतर्गत उन्हें हल्दी, अश्वगंधा और तुलसी के बीज प्राप्त हुए, जिनकी उन्होंने 0.5 एकड़ भूमि में खेती शुरू कर दी है पहले साल ही किसान को अच्छा उत्पादन हुआ और इस वर्ष हल्दी और तुलसी का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है।

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए मासांत तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** कृषि तकनीक, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को ₹सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर एक्सटेंशन आत्मा₹ योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिला और विकासखंड स्तरीय कृषक पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, अभियांत्रिकी इन्टरप्राइजेज गतिविधियों से सम्बन्धित एक-एक किसान को जिला स्तर पर 25 हजार रूपये का एवं प्रत्येक विकासखंड से विभिन्न गतिविधियो के एक-एक किसान को 10 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। इच्छुक किसान अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार आधिकारी, बी.टी.एम., ए.टी.एम. से संपर्क कर 30 नवंबर तक आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते है।

## चुनाव को साढ़े तीन साल, पर विकास अभी भी अधर में

# सड़कों की दुर्दशा पर जनता बेहाल

**मुख्य मार्ग से लेकर वार्डों की गलियां तक, टूटी फूटी सड़कों पर चलना हो रहा मुश्किल टेंडर और वादों के बीच अटका विकास कार्य**

धनपुरी।

नगर पालिका चुनाव हुए साढ़े तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन शहर के विकास कार्य जैसे ठहर गए हैं। मुख्य मार्ग हो या वार्डों की आंतरिक सड़कें हर तरफ खस्ताहाल सड़कों की तस्वीर नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है।



पाइपलाइन विस्तार के दौरान खोदी गई सड़कों को आज तक दुरुस्त नहीं किया गया है, जगह-जगह गड्ढे बने हैं जिनसे राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो गया है।वार्ड नंबर 7 में लगभग सात-आठ माह पूर्व मात्र 30 से 40 मीटर तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, लेकिन काम शुरू होने के एक माह बाद ही सड़क से गिट्टियां झांकने लगीं। नगर पालिका इंजीनियर ने उस समय कहा था कि सुधार कराया जाएगा, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार का बिल निकल चुका है, जबकि सड़क की गुणवत्ता देख कर यह साफ है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई।वहीं अमलाई रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते सभी छोटे-बड़े वाहन अब अमराडांडी होकर घूम रहे हैं। इससे वार्ड नंबर 9 की सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। वार्ड में स्थित सीमेंट-कांक्रीट रोड वर्षों से मरम्मत की राह देख रही है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सतह और धूल के कारण नागरिकों का जीना दूभर हो गया है।निवासियों का कहना है कि नगर पालिका दफ्तर में पूछने पर हर बार यही जवाब मिलता है — “टेंडर हो चुका है, काम जल्द शुरू होगा।” पर सवाल यह है कि “जल्द” कब आएगा? नगर की सड़कों की हालत देखकर तो यही लगता है कि विकास केवल फाइलों और आश्वासनों में सीमित है।शहर के मॉडल रोड हों या वार्ड की गलियां, हर तरफ टूट-फूट और लापरवाही का आलम है। जनता अब पूछ रही है — क्या नगर पालिका को इन सड़कों की सुध लेने की फुर्सत है, या यह जुमलेबाजी भी अगले चुनाव तक टल जाएगी?



## गणना पत्रक भराने के संबंध में शंका समाधान सत्र जिला पंचायत सभागार में

उमरिया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया ने बताया कि निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण गणना पत्रक भराने के संबंध में शंका समाधान कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मतदान केंद्र क्रमांक 104 से 218 तक के बी एल ओ एवं सुपरवाइजऱ को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में बताया गया कि भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार मुद्रण प्रशिक्षण के लिए घर घर गणना चरण के लिए 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे एवं आपत्ति की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 ,नोटिस चरण के लिए 9 दिसंबर से 31 जनवरी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस कार्य में प्राथमिकता के साथ किया जाए। इस अवसर पर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिलीप कुमार सोनी,नायब तहसीलदार विनोद कुमार वर्मा,मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे, जिनके व्दारा शंकाओ का समाधान

## बेखौफ चल रहा अवैध कारोबार, युवाओं की बर्बादी थमने का नाम नहीं

# कोयलांचल के जंगलों में जुए का साम्राज्य

धनपुरी।



बंगवार माइंस के आसपास के जंगलों में लंबे समय से जुए का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। सूत्रों के अनुसार, जुआरी जगह बदल-बदलकर अपने फड़ संचालित कर रहे हैं, जहां रोजाना हजारों रुपये का दांव लगाया जा रहा है। फड़ संचालित करने वाले नाल निकालने में माहिर जुआरी हैं जो बिना किसी भय के अपने काले कारनामों से जेबें भर रहे हैं।जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र में वर्षभर घोड़ी और 52 परियों जैसे खेलों के जरिए जुए का धंधा चलता रहता है। बताया जाता है कि इस कारोबार के पीछे कुछ प्रभावशाली लोगों का हाथ है, जिनकी सांठगांठ से यह खेल पुलिस और प्रशासन की आंखों के सामने बेखौफ तरीके से जारी है। कहा जा रहा है कि खादी और खाकी दोनों ही इस अवैध धंधे की “चमक” से प्रभावित हैं, जिससे जुआरियों का हौसला और बुलंद है।स्थानीय सूत्रों ने बताया कि जुए के इस जाल में अब बड़ी संख्या में युवा फंसते जा रहे हैं। तेजी से फैल रहे इस अवैध कारोबार के चलते युवाओं की मेहनत की कमाई कुछ ही घंटों में दांव पर लग जाती है। जीत की लालच और हार की भरपाई में कई परिवार तबाह हो चुके हैं, जबकि संचालक दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।जंगलों में बनाए गए फड़ों पर जुआरियों के लिए खाने-पीने की पूरी व्यवस्था रहती है। बताया जाता है कि बामन परी का खेल खेलने के लिए मोबाइल के माध्यम से शौकीनों को बुलाया जाता है, जिससे कोई बाहरी व्यक्ति आसानी से वहां तक न पहुंच सके। खाने-पीने की सामग्री, पानी की बोतलें, पत्तल और पाउच वहीं फेंक दिए जाते हैं, जिससे जंगल में प्रदूषण फैल रहा है।स्थानीय नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस बढ़ते अवैध जुआ कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जुए की लत से युवा पीढ़ी लगातार बर्बादी की ओर जा रही है, ऐसे में पुलिस को सख्त कदम उठाकर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में शांति और सामाजिक संतुलन कायम रह सके।



## नंदी गौ सेवा धाम में पूज्य श्री श्री 1008 प्रपंचाचार्य महाराज जी का हुआ पावन आगमन

शहडोल।

नंदी गौ सेवा धाम आज आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा जब परम पूज्य श्री श्री 1008 प्रपंचाचार्य महाराज जी ने पधारकर अपने शुभ चरणों से धाम को धन्य किया। उनके आगमन पर गौ सेवा धाम के सभी गौ सेवकों ने परंपरागत ढंग से आरती, पूजन और पुष्प अर्पण कर महाराज श्री का भव्य स्वागत और वंदन किया। इस अवसर पर पूज्य महाराज जी ने स्वयं गौ माता की आरती एवं पूजन संपन्न किया और भक्तों को गौ सेवा के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गौ माता संपूर्ण सृष्टि की जननी हैं, उनकी सेवा ही सच्ची भक्ति है। आरती के उपरांत महाराज जी ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को टीका वंदन कर गुड़ का प्रसाद वितरित कराया। पूरे परिसर में जय श्री राम और गौ माता की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नंदी गौ सेवा धाम के सेवकों ने कहा कि पूज्य महाराज जी का आगमन उनके लिए आध्यात्मिक सौभाग्य का क्षण है और उनके आशीर्वचन से सभी को अपार प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## पुलिस ने 10 मोबाइलों की तलाश कर मालिकों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा जिले में गुम हुए मोबाइलों की तलाश कर उनके मालिकों को सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए हैं। कोतमा थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की तलाश करने हेतु टीम बनाई गई थी पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल की मदद से 10 मोबाइलों को तलाश कर सोमवार को संबंधित मोबाइल फोन के मालिकों को सुपर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर आवेदकों ने पुलिस की प्रशंसा करते हुए खुशी जाहिर की है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल प्रधान आरक्षक अरविंद प्रताप सिंह राकेश सिंह,जितेंद्र मंडलोई,



महेश साहू, साइबर सेल आरक्षक पंकज मिश्रा शामिल रहे।

## एड्स एवं रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय कटनी से आये काउंसलर हेमंत श्रीवास्तव, तकनीशियन राघवेंद्र शर्मा एवं हिमालय गुप्ता की उपस्थिति में एच. आई. वी. एड्स एवं रक्तदान जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने कहां कि विश्व से एच.आई.वी. संक्रमण और एड्स को जन जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। जिसके लिए लोगों को एच.आई.वी. और एड्स के बारे में




सही जानकारी दिए जाने की आवश्यकता है। काउंसलर हेमंत श्रीवास्तव ने पी.पी.टी. के माध्यम से एचआईवी एड्स से सम्बंधित जानकारियां देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं बताया कि एच.आई.वी. यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस एक ऐसा वायरस है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है। साथ ही रक्तदान का महत्व बताते हुए सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान ही मानव जीवन बचाने का एकमात्र उपाय है। जिसके लिए 18 से 65 वर्ष की आयु के प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही और अभद्र व्यवहार पर प्राथमिक शिक्षक निलंबित

उमरिया।

निर्वाचन कार्य जैसे राष्ट्रीय महत्व के दायित्व में लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर की प्राथमिक शिक्षक इंद्रवती कचेर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उमरिया नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

मिली जानकारी के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 1 नवम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय चंदिया में सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में इंद्रवती कचेर, जो मतदान केन्द्र क्रमांक 14-रामपुर, विधानसभा क्षेत्र 89-बांधवगढ़ की बीएलओ नियुक्त थीं, बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहीं।

उनकी अनुपस्थिति पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बांधवगढ़ द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में जवाब देने का निर्देश दिया गया था, किन्तु निर्धारित अवधि में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद 5 नवम्बर 2025 को समस्त बीएलओ को मतदाता गणना पत्र वितरण एवं मैपिंग कार्य हेतु पुनः बुलाया गया। इस दौरान जब अधिकारियों ने मतदान केंद्र रामपुर के मैपिंग कार्य की धीमी प्रगति (केवल 17.67 प्रतिशत) पर स्पष्टीकरण मांगा, तो शिक्षिका इंद्रवती कचेर ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कार्य करने से इंकार कर दिया।

इस घटना के बाद संबंधित अधिकारी ने उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरांत कलेक्टर ने शिक्षिका को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया, जिस पर 10 नवम्बर 2025 को दिया गया जवाब असंतोषजनक और अस्पष्ट पाया गया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने आदेश में उल्लेख किया है कि शिक्षिका का यह आचरण स्वेच्छाचारिता, उदासीनता, अनुशासनहीनता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का द्योतक है। साथ ही यह निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जो कि म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-3 के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में आता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही और असहयोग किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, विशेष रूप से जब मामला निर्वाचन जैसी संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया से जुड़ा हो।

## विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ कटायेघाट मेला का समापन

हरिभूमि न्यूज कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा श्री बजरंग कटायेघाट मेला 5 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। जिसका रविवार 9 नवंबर को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया। पांच दिवसीय मेला के अंतिम दिवस रविवार को विभिन्न स्कूलों के बच्चों के गायन, नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ ही रोचक इनामी दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर लुत्फ उठाकर कार्यक्रमों की सराहना की।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में इस वर्ष आयोजित मेले को आधुनिक साज सज्जा के साथ भव्य स्वरूप प्रदान करते हुए प्रत्येक दिवस विज्ञान प्रदर्शनी, एकल गायन, एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, दंगल, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल,दंगल के साथ ही प्रेरणादाई एवं सामाजिक संदेश प्रसारित करती फिल्मों निल बटे सन्नाटा, आई एम कलाम, सुंदरकांड, कृष्ण लीला, दिवाली नृत्य, आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेले में शहर तथा ग्रामीण दुकानदारों द्धारा लगाई गई दुकानें एवं अजमेर से आए झूले बच्चों का आकर्षण का केन्द्र बना रहा। मेले के समापन कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, मंचासीन अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी एवं अन्य खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर के विभिन्न स्कूलों के विजेता छात्र छात्राओं सहित नगर निगम के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कुल 53 अधिकारी कर्मचारियों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे विजेता प्रतिभागी

मेले में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल गायन प्रतियोगिता में वर्ग अ में शौर्य मेहतो, वर्ग ब में श्रृष्टि दहायत एवं वर्ग स में धैर्य उपाध्याय ने प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में वर्ग ब में दृष्टि उरमलिया तथा वर्ग स में रागिनी प्रजापति प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार रिकॉर्ड डांस में वर्ग अ की वैष्णवी निषाद, वर्ग ब की अनीका जैन तथा वर्ग स सत्यांशी शर्मा प्रथम स्थान पर रही। फैंसी ड्रेस में वर्ग अ में प्रथम स्थान पर दिव्यांश तिवारी, वर्ग ब में ओजस जैन तथा वर्ग स में ओमचंद चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा ग्रुप डांस प्रतियोगिता के वर्ग ब एवं स के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं स्थिर मॉडल में समीर महोबिया, ऋतिक पटेल, चलित मॉडल में यशिका रैकवार एवं मुस्कान बानो तथा चार्ट मॉडल में रौनक गुप्ता एवं ऋषि कोरी को पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी एवं खेल प्रतियोगिता कबड्डी, खो खो एवं वालीबॉल प्रतियोगिता के भी विभिन्न वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## भीषण आग की लपटों ने दो दुकानों को खाक मे किया तब्दील

# सोनी ऑटो गैरेज एवं साइकिल दुकान में भीषण आगजनी

**विद्युत नगरी चचाई के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी आगजनी 30 से 35 लाख के नुकसान का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज चचाई।

विद्युत नगरी चचाई बाजार में भीषण अग्निकांड की वारदात बीते तड़के सुबह 4:00 बजे के आसपास घटित हुई जिसमें दो दुकानें जलकर खाक हो गई साथ ही लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चचाई बाजार में स्थित केमलू सोनी ऑटो गैरेज एवं उसी से लगी लाला साइकिल दुकान में सुबह 4 बजे करीब भीषण आग की लपटे कॉलोनी वासी व कुछ दुकानदारों ने देख संबंधित दुकानदार एवं मंडल के दमकल विभाग के अधिकारियों को तत्काल सूचना दी जिस पर ताप विद्युत गृह के दो दमकल वाहनों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।





### दमकल विभाग ने दिखाई तत्परता

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो-दो दमकल वाहन सूचना के तुरंत बाद दोनों दुकानों में धू-धू कर जल रहे आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे इन दोनों दुकानों से आपस में सटी करीब दर्जन पर आगे पीछे दुकानों में दमकल विभाग की तत्परता से आग नहीं फैल सकी अन्यथा कई दुकानदार बर्बाद हो जाते ऑटो पार्ट्स की दुकान में रखें गाड़ियों में भरे पेट्रोल आईल के डिब्बे टायर ट्यूब का जखीरा के कारण ब्लास्ट हो रहा था दुकान के समीप लगा महुआ का पेड़ आग की लपटों में आधा जल गया जो आग की विकरालता को दर्शाता है।

### 30 से 35 लाख का नुकसान

पीड़ति दुकानदार केमलू सोनी ने बताया कि इस आगजनी में दुकान की दीवाल तक फट गई। केवल लोहे के ढांचे शेष बचे पुलिस को दी जानकारी में 18 नग रिपेयरिंग होने आए अलग-अलग कंपनी के वाहन नए ऑटो पार्ट्स सामग्री इंजन ऑयल वाहनों के नए टायर टीवी पंखा कूलर नगद पैसा बही खाता इसी प्रकार साइकिल दुकान में कई साइकिलें वेल्डिंग मशीन टायर ट्यूब एवं अन्य दूसरा सामान दुकान सहित जलकर खाक हो गया साइकिल दुकान में करीब 4:30 लाख रुपए वही मोटरसाइकिल दुकान में 28-36 लाख के सामान जलने का अनुमान है।

### पहली बार इतनी बड़ी आगजनी

विद्युत नगरी के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी आगजनी की घटना हुई जिसमें दो दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गए विद्युत नगरी के सभी व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन विधायक सांसद से पीड़ति दुकानदार को प्रशासनिक मदद की मांग की है ताकि परिवार के सामने भरण पोषण का संकट दूर हो सके। ज्ञात हो कि विद्युत नगरी में लगातार आपराधिक वारदातें बढ़ती जा रही है एक माहपूर्व सेकंड एफ कॉलोनी में घर के बाउंड्री के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात लोगों द्वारा जला दी गई जिस पर कोई कार्रवाई नहीं दिखी आधी रात तक बाजार बस स्टैंड में अवांछित तत्व नशा करते देखे जाते हैं जिस पर पुलिस विभाग की निष्क्रियता नए-नए अपराधों को बढ़ावा देती है आगजनी की इस घटना का वास्तविक सत्य सामने आएगा या फिर नहीं।

## खबर संक्षेप



### जेल के बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 10 नवंबर को ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' जिला प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले जिला जेल अनूपपुर में विधिक सेवा संस्था द्वारा आवश्यकतानुसार पैरालीगल वालेंटियर (अधिकारी मित्र) एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल (न्याय रक्षक)/ पैनल अधिवक्ता के साथ जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों एवं प्लीवार्गेनिंग ''सौदा अभिवाक'' के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उनके अधिकारों के बारे में प्रत्येक बंदी को प्रदत्त विधिक सहायता मामले की प्रगति से अवगत कराया गया। उक्त शिविर में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, संतदास नापित चीफ लीगल एड् डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी एवं साबिर अली डिप्टी चीफ लीगल एड् डिफेंस काउंसिल श्रीमति शोभा पटेल, विकास शुक्ला एवं आयुष सोनी असिस्टेंट लीगल एड् डिफेंस काउंसिल एवं जिला जेल अनूपपुर के कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### माटी कला बोर्ड द्वारा 45 दिवसीय टेराकोटा प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. माटीकला बोर्ड, भोपाल के द्वारा अनुपपुर जिले में 45 दिवसीय टेराकोटा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार 10 नवंबर 2025 को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अनुपपूर मे जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अघिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। प्रशिक्षण मे जिले के चयनित प्रतिभागियो ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने सभी प्रशिक्षणार्थीयों को माटी कला बोर्ड से लिए गए सफल प्रशिक्षण का सदुपयोग कर आर्थिक स्वावलंबी बनने की अपील की गई। उन्होंने इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थीयो को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। इस अवसर पर आजीविका मिशन के डीपीएम शशांक प्रताप सिंह, क्रिप्स संस्था तथा खादी ग्रामोद्योग विभाग के प्रभारी जिला प्रबंधक सत्य सागर सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मिट्टी से निर्मित हस्तकला तथा प्रशिक्षण के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

### हर विवाह का होगा पंजीयन

**डिंडौरी।** देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह समारोहों का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में प्रदेश में सभी विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन को सुनिश्चित करने के लिए योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग की यह पहल न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि इससे भविष्य में दंपत्तियों को कानूनी परेशानियों से भी राहत मिलेगी। मध्यप्रदेश विवाह पंजीयन नियम 2008 के तहत राज्य में भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या परंपरा के अनुसार संपन्न विवाह का पंजीयन अनिवार्य है। विवाह का पंजीयन नहीं होने से विशेष रूप से महिलाओं को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जैसे पति की मृत्यु के बाद अधिकारों और लाभों के भुगतान में अड़चनें आना आदि।

## मां के दिल जैसा दुनिया मे कोई दिल नही....

# मृत बच्चे को सीने से चिपकाए इधर-उधर घूमती रही बंदरिया

**राहगीरों की आंखें हुई नम, भावुक पल**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कहते हैं, मां की ममता संसार की सबसे बड़ी शक्ति है, जो न जाति देखती है, न प्रजाति। जिले के राजेन्द्रग्राम के पास किरर घाटी में ऐसा ही एक दृश्य सामने आया, जिसने हर देखने वाले का दिल झकझोर दिया, यहां एक बंदरिया अपने मृत बच्चे को सीने से लगाए घंटों तक इधर-उधर घूमती रही, मानो उसे विश्वास ही न हो कि उसका लाडला अब इस दुनिया में नहीं रहा। अपने बच्चे के प्रति उसका प्रेम देख हर कोई भावुक हो गया। ज्ञात हो कि किरर घाटी क्षेत्र में बंदरों की भारी तादाद रहती है। यहां से गुजरने वाले राहगीर अक्सर इन बंदरों को केले और खाने की चीजें देकर आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन यह इलाका उस वक्त भावुकता से भर गया, जब किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से एक नन्हे बंदर की मौत हो गई। उसकी मां उस दर्दनाक हादसे से अनजान अपने



मृत बच्चे को सीने से चिपकाए कभी सड़क किनारे बैठ जाती, कभी खाने की तलाश में इधर-उधर घूमती रही। राहगीरों ने बताया कि वह बंदरिया कभी केले का टुकड़ा खुद खाती, तो कभी अपने बच्चे के मुंह तक ले जाकर खिलाने की कोशिश करती रही। उसका यह मातृत्व भाव देखकर हर किसी की आंखें भर आईं। जिस बच्चे ने दम तोड़ दिया था, उसे भी उसने अपने से जुदा नहीं किया। वह अपने मृत बच्चे को प्यार से सहलाती, मानो उसकी सांसें फिर लौट आएंगी।

### मां की ममता की अमर कहानी

इस हृदय विदारक नजारे को देखकर वहां मौजूद लोगों ने मां शब्द की असली ताकत महसूस की। कई लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि यह तस्वीर सिर्फ एक बंदरिया और उसके बच्चे की नहीं, बल्कि मां की ममता की उस अमर कहानी की झलक है जो इंसान हो या जानवर, हर हृदय में समान रूप से बसती है। किरण घाटी का यह मंजर अब लोगों के दिलों में हमेशा के लिए अंकित हो गया है। एक मां का अटूट प्रेम, जो मृत्यु के बाद भी अपने बच्चे से जुदा नहीं हुआ।



# ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कहा है कि ग्रामीण विकास के जन उपयोगी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे, प्रगतिरत कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने दिए। बैठक में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, रा वॉटर मैनेजमेंट, एफएसटीपी, मनरेगा अंतर्गत जल संसाधन अभियान के कार्यों एक बगिया मां के नाम,आधार ई- केवाईसी, नर्मदा परिक्रमा पथ, आजीविका मिशन वाटर सेट नवीन संस्कृत सामुदायिक भवन तथा सीएम हेल्पलाइन के कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणो के निराकरण में शिथिलता बरतने पर नाराजगी जताते हुए जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को लंबित शिकायती प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।



# बर्बाद हुई धान की फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची किसान कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला किसान कांग्रेस अनूपपुर के अध्यक्ष रामनारायण सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कृषक एवं कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम से कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर में पहुंच कर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। धान की फ़सल को कंधे पर रखकर रामनारायण सिंह ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को वास्तविकता से अवगत करवाया। किसानों की 08 सूत्रीय मांगपत्र का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष यादव द्वारा किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूपपुर नागेन्द्रनाथ सिंह, रामखेलावन राठौर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, जीवेन्द्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका, राजीव सिंह जनपद अध्यक्ष जैतहरी, धनंजय सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद राजनगर, हरिशंकर दुबे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजनगर, लाल केवट, मोहम्मद रफी, बाबा खान, सत्येन्द्र स्वरूप दुबे, आर.एस. शर्मा, जय प्रकाश पाण्डेय, इमरान खान बंटी, आशु चतुर्वेदी, राय सिंह, राजू केवट, राजकुमार लल्लू, आलोक सिंह, जितेन्द्र चंद्रा, प्रमोद कंवर, अरविंद यादव, रामलाल, मनोज चंदेल, रवि रौतिया, गेंदलाल केवट सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। गगनभेदी नारे लगाते हुए अतिवर्षा से किसानों की फसलों का भारी नुक़सान हुआ है जिसका सर्वे तत्काल किया जाकर मुआवजा शीघ्र दिलाने की पुरजोर मांग किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग जानकर भी बना अंजान

# निर्दोषों की जान ले रहे झोलाछाप डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में झोलाछाप प्रेक्टिसनर कुकुरमुत्ते की तरह निकलने लगे है जो स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता प्रदर्शित करता है। जिला मुख्यालय से शुरू होकर जिले के कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा, बिजुरी, निगवानी, कोठी, भालूमाड़ा, पसान, जमुना, सहित राजेन्द्रग्राम, जैतहरी वेंकटनगर में झोलाछाप प्रेक्टिसनरो की भरमार है। चाय की गुमटियों जैसी दुकानों में झोलाछाप डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहे हैं। मरीज चाहे उल्टी दस्त खांसी बुखार से पीड़ति हो या फिर अन्य कोई बीमारी से सभी बीमारियों का इलाज यह झोलाछाप डॉक्टर करने के लिए तैयार हो जाते हैं। और जब केस बिगड़ता है तब आनन फानन मे मरीज को उसकी हालत पर छोड़कर वहां से नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला विकासखंड जैतहरी के ग्राम पंचायत अमगवां से आया जहां ग्राम के ही निवासी भीखम चौधरी के नाबालिग पुत्र भूपेंद्र चौधरी का स्वास्थ्य अगस्त 2024 में खराब हुआ था। जिसका उपचार ग्राम सेंदुरी के झोलाछाप के द्वारा किए गए उपचार के उपरांत नाबालिग भूपेंद्र चौधरी की तबीयत और





बिगड़ने लगी तो उक्त डॉक्टर के द्वारा और अन्य दवाओ का इस्तेमाल किया गया यह कहकर कि जल्द ही इसका स्वास्थ्य ठीक हो जाएगा, लेकिन उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि भूपेंद्र चौधरी का स्वास्थ्य बद से बदतर होता चला गया और धीरे-धीरे दाएं पैर से लकवा ग्रस्त हो गया। जब यह जानकारी झोलाछाप डॉक्टर प्रेक्टिसनर को हुई तब उसके द्वारा नाबालिग के पिता को यह आश्वासन दिया गया कि आपके पुत्र का उपचार अच्छे से अच्छे अस्पताल में मेरे द्वारा कराया जाएगा आप निश्चिंत रहें। इसके बाद भीखम चौधरी अपने पुत्र भूपेंद्र चौधरी को बेहतर उपचार के लिए एम्स रायपुर लेकर गए पर वहां कुछ आराम नहीं मिला और ना ही झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा दिए गए आश्वासन का कुछ फल मिला। पिछले एक वर्ष से लेकर आज तक भीखम चौधरी अपने पुत्र का लगातार इलाज करवा रहा है पर उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। भूपेंद्र चौधरी का दायां पैर आज भी लकवा ग्रस्त है और वह चलने में असमर्थ हो चुका है। ऐसा ही एक मामला कोतमा नगर से सामने आया जहा सुपेली कटनी निवासी अनंत बर्मन (35) की बदरा जमुना तिराहा में अचानक मौत हो गई जानकारी के अनुसार आठ नवंबर की सुबह अनंत बदरा तालाब से सिंघाड़ा तोड़कर कोतमा मालिक के पास देने गया था लौटते समय उसे सीने में तेज दर्द हुआ। साथी उसे डॉक्टर बंगाली एवं बाद में अंसारी डॉक्टर के पास ले गए, जहाँ दवा व इंजेक्शन दिया गया। दवा लेकर जैसे ही वह घर पहुंचा और लेटते ही बेहोश हो गया उसे तत्काल कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। नगर मे लगे सी सी कैमरो की मदद से पुलिस से लोगों ने सच्चाई सामने लाने की मांग की है। झोलाछाप प्रेक्टिसनर अगर ऐसे ही मनमानी पूर्वक क्लीनिक संचालित कर नैनिहालों को अपंग करते रहेंगे या लोगों के जान से खिलवाड़ करते रहेगें या प्रशासन के द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

# एसआईआर प्रक्रिया की कार्य प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा, नियमित मॉनीटरिंग करने सभी पटवारियों को आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 88-पुष्पराजगढ़ के सामुदायिक भवन पुष्पराजगढ़ में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने एसआईआर प्रक्रिया की अब तक की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईआर प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार संचालित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पांडे, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट, विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सटीकता सुनिश्चित करने के लिए यह पुनरीक्षण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का सही और समय पर संकलन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में न रहे। उन्होंने कहा कि गणना पत्रक



वितरण की समीक्षा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उनके द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि फार्म वितरण कार्य में गति लाए तथा फार्म वितरण की जानकारी अनिवार्य रूप से बीएलओ एप पर अपलोड करें। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के संकलन, सत्यापन एवं रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट्स के साथ नियमित समन्वय बनाए रखें। **पटवारियों को आदेश जारी-** एसआईआर का कार्य जिले के सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा आयोग की मंशा ''कोई भी पात्र नागरिक ना छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो'' के आधार पर किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने आदेश जारी कर कहा है कि जिले के सभी पटवारी अपने कार्य के साथ-साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की नियमित मॉनीटरिंग तथा अपने-अपने हल्का क्षेत्र के बीएलओ/बीएलओ सुपरवाईजर एवं मतदाताओं से नियमित सम्पर्क करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि पटवारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित उपस्थित रहकर बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण की समीक्षा करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक उपलब्ध करा दिया गया है, मतदाता को पत्रक प्राप्त न होने की स्थिति में मतदाता को बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि गणना पत्रक वितरण पश्चात मतदाता द्वारा भरा हुआ गणना पत्रक बीएलओ को वापस किया जाना है, सभी पटवारी यह सुनिश्चित करेंगे कि शत-प्रतिशत वितरित फार्म भरकर बीएलओ को वापस हो जाए, भरे फॉर्म वापसी में बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। गणना पत्रक वितरण की समीक्षा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उनके द्वारा प्रत्येक दिवस ऑनलाईन के माध्यम से की जाती है। गहन पुनरीक्षण में लगे शासकीय सेवकों की क्षेत्र में उपस्थिति की समीक्षा ई-अटेंडेन्स के माध्यम से की जाती है। सभी पटवारी अपने क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा कार्य में पूरी लगनशीलता के साथ सहयोग करते हुये समय-सीमा में कार्य सम्पादित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान शासकीय सेवक निर्वाचन आयोग के अधीन है। कार्य में शिथिलता या लापरवाही की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कार्यवाही की जायेगी।